स्टूडेंट्स ने मनाया वन महोत्सव सप्ताह

इस दौरान स्टूडेंट्स ने पौधरोपण के साथ विभिन्न प्रजातियों के पौधों को जाना।

EVENT AT TSVS

सिटी रिपोर्टर • द संस्कार वैली स्कूल के स्टूडेंट्स ने पर्यावरण के प्रति जागरूकता दिखाते हुए वन महोत्सव सप्ताह मनाया। इस दौरान बच्चों ने न सिर्फ पौधे लगाए, बल्कि पौधों की विभिन्न जातियों को पढ़ा और उनके बारे में समझा भी। इस दौरान बच्चों ने डीबी सिटी पहुंचकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के उपाय बताए। लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए बच्चों ने कुछ स्लोगन भी तैयार किए थे। बच्चों के उत्साह और उमंग ने वन महोत्सव को सफल बनाया। महोत्सव में टीचर अत्रीय सेनगुप्ता और महुआ चटर्जी की अहम भूमिकाएं रहीं।